समाचार

मेट्रो स्टेशनों के पास बनेगी भूमिगत पार्किंग

Jan 01, 05:30 am

Print

अमित सिंह, नोएडा

मेट्रो स्टेशन की पार्किंग का स्वरूप आने वाले समय में बदला हुआ नजर आएगा। प्राधिकरण ने स्टेशन के पास चिन्हित स्थानों को भूमिगत पार्किंग के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। दूसरे चरण में पार्किंग के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। पहले चरण में प्राधिकरण भीड़भाड़ वाले सेक्टरों में पार्किंग का निर्माण करेगा। सर्वे कर शहर में 16 जगह चिन्हित की जा चुकी हैं। पार्किंग बनने से शहर में सड़क किनारे वाहन खड़ा करने का झंझट खत्म हो जाएगा। सेक्टर में बनने वाली पार्किंग निर्माण की प्रक्रिया चालू वित्तीय वर्ष में शुरू कर दी जाएगी। प्राधिकरण ने मिनी कनॉट प्लेस (सेक्टर 18) में बनने वाली भूमिगत व स्वचलित पार्किंग का डिजाइन तैयार करने वाली कंपनी से ही इनका डिजाइन तैयार कराने का निर्णय लिया है।

वर्तमान में शहर के पुराने व औद्योगिक सेक्टरों में ज्यादातर वाहन सड़क किनारे खड़े होते हैं। पार्किंग की कोई व्यवस्था न होने से जाम की स्थिति बनी रहती है। सुबह-शाम व्यस्त समय में वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने के कारण प्राधिकरण और यातायात पुलिस सड़क किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं कर पाते। कुछ दिन पहले मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रमा रमन ने जिलाधिकारी दीपक अग्रवाल और एसएसपी अमिताभ यश के साथ सड़क पर उतर कर बदहाल यातायात व्यवस्था का जायजा लिया था। इसके बाद अधिकारियों ने बैठक कर समस्या का स्थाई हल निकालने पर विचार किया।

सीईओ ने नियोजन विभाग को मुख्य परियोजना अभियंता के साथ संयुक्त रूप से सर्वे कर पार्किंग स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिए थे। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर प्राधिकरण ने प्रथम चरण में 16 जगह पार्किंग बनाने का निर्णय लिया है। इनमें अधिकांश पार्किंग स्थल पुराने व औद्योगिक सेक्टर में होंगे। हरौला को भी प्राथमिकता दी गई है। मेट्रो स्टेशन पर पार्किंग बनाने का काम वित्तीय वर्ष 2011-12 में शुरू होगा। सेक्टर 18 और गोल्फ कोर्स मेट्रो स्टेशन के पास भी भूमिगत पार्किंग बनाने के लिए माथापच्ची की जा रही है।

बॉक्स

सीईओ रमा रमन ने बताया कि पहले चरण (16 पार्किंग) में पार्किंग बनाने की प्रक्रिया चालू वित्तीय वर्ष में शुरू कर दी जाएगी। काम शुरू होने के करीब दो माह बाद दूसरे चरण (मेट्रो स्टेशन पर पार्किंग) का काम शुरू कर दिया जाएगा। मेट्रो स्टेशन की पार्किंग को कम से कम दो मंजिला बनाने पर विचार किया जा रहा है। मकसद, लोग अपने निजी वाहन से स्टेशन तक आएं और पार्किंग में गाड़ी सुरक्षित खड़ी कर मेट्रो के सफर का आनंद ले सकें।

निजता नीति | सेवा की शर्तें | आपके सुझाव
इस पृष्ठ की सामग्री जागरण प्रकाशन लिमिटेड द्वारा प्रदान की गई है
कॉपीराइट © 2007 याहू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सर्वाधिकार सुरक्षित
कॉपीराइट / IP नीति